Daily Current Affairs 25 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में यूनेस्को-भारत-अफ्रीका हैकथॉन 2022 का किया उद्घाटन
• 22 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में यूनेस्को-भारत-अफ्रीका हैकथॉन 2022 का उद्घाटन किया है। हैकाथॉन का आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया है। इस हैकथॉन में 22 अफ्रीकी देशों के छात्र भाग ले रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने भाग लेने वाले अफ्रीकी छात्रों को वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या जैसे प्राचीन शहरों और राज्य के अन्य शहरों की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया।

2. आज मनाया जाएगा लाचित दिवस
• प्रतिवर्ष 24 नवंबर को असम में लाचित दिवस मनाया जाता है। लाचित दिवस अहोम जनरल लचित बोरफूकन को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है। इन्होंने ब्रह्मपुत्र के तट पर गुवाहाटी की रक्षा के लिए 1671 में सरायघाट की लड़ाई में एक बड़ी मुगल सेना को हराया था। उनका जन्म 24 नवंबर को हुआ था।

3. आर्मी रेड टीम ने इंटर सर्विसेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2022-23 जीती
• हाल ही में आर्मी रेड टीम ने सिकंदराबाद के ईगल इंडोर वॉलीबॉल स्टेडियम में आयोजित 72वीं इंटर-सर्विसेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2022-23 जीती है। आर्मी रेड टीम ने आर्मी ग्रीन को हराकर खिताबी जीत हासिल की है। आर्मी रेड की टीम ने आर्मी ग्रीन को 3-1 से हराया। इस बीच भारतीय नौसेना ने शुरुआती दौर में भारतीय वायु सेना को 3-1 से हरा दिया था।

4. तमिलनाडु ने अपना पहला और भारत का 35वाँ जैव विविधता विरासत स्थल की अधिसूचना की जारी
• हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने मदुरै ज़िले में अरिट्टापट्टी को जैवविविधता विरासत स्थल घोषित करते हुए एक अधिसूचना जारी की है। यह तमिलनाडु का पहला और भारत का 35वाँ जैवविविधता विरासत स्थल है।अरिट्टापट्टीअरिट्टापट्टी गाँव पारिस्थितिक और ऐतिहासिक महत्त्व की दृष्टि से समृद्ध है।
• यह भारतीय पैंगोलिन, स्लेंडर लोरिस और अजगर जैसे वन्यजीवों का भी आवास स्थल है। जैव विविधता से समृद्ध यह क्षेत्र सात पहाड़ियों या द्वीपीय पर्वतों (इन्सेलबर्ग) की एक शृंखला से घिरा हुआ है जो वाटरशेड के रूप में 72 झीलों, 200 प्राकृतिक झरनों और तीन चेक डैम के जल-पुनर्भरण का कार्य करता है।

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में कामेंग जलविद्युत परियोजना को राष्ट्र को किया समर्पित
• हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में कामेंग जलविद्युत परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया है। राज्य के स्वामित्व वाली नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (NEEPCO) द्वारा 600 मेगावाट की कामेंग पनबिजली परियोजना विकसित की गई है। यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग ज़िले में स्थित है। यह परियोजना 80 किमी. से अधिक क्षेत्र में विस्तृत है जो लगभग 8,200 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की गई है।

6. दक्षिण कोरिया के बुसान में 10वाँ भारतीय फिल्म महोत्सव किया गया आयोजित
• नवंबर, 2022 में दक्षिण कोरिया के बुसान में 10वाँ भारतीय फिल्म महोत्सव आयोजित किया गया है। फेस्टिवल में बुसान सिनेमा सेंटर में चयनित पुरस्कार विजेता, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हिंदी और कोरियाई लोकप्रिय क्षेत्रीय फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इस महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारत सियोल के

Resultuniraj.co.in

दूतावास द्वारा किया गया था। इस महोत्सव को फिल्म महोत्सव निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समर्थित किया गया है।

7. हरियाणा ने जीती छठवीं भारतीय बधिर टी20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप
• 21 नवंबर, 2022 को हरियाणा बधिर क्रिकेट टीम ने छठवीं बधिर टी20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 जीती है। फाइनल में हरियाणा ने महाराष्ट्र को सात विकेट से हराया है। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (IDCA) और विल्लू पूनावाला फाउंडेशन द्वारा आगरा के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीम हरियाणा को ट्रॉफी के साथ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता महाराष्ट्र को ट्रॉफी एवं पदकों के नवाजा गया।

8. भारत और ओमान की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास नसीम अल बह्र 2022 हुआ शुरू
• 20 नवंबर, 2022 को भारत और ओमान की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास नसीम अल बह्र 2022 ओमान के तट पर शुरू हुआ। यह इस अभ्यास का 13वां संस्करण है। अभ्यास दो चरणों बंदरगाह चरण और समुद्री चरण में आयोजित किया जा रहा है। नसीम अल बह्र नौसैनिक अभ्यास वर्ष 1993 में शुरू किया गया था। इसका आखिरी संस्करण वर्ष 2019 में गोवा में आयोजित किया गया था।

9. ऑस्ट्रेलियाई संसद ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी दी
• 22 नवंबर, 2022 को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने घोषणा की है कि भारत के साथ देश का मुक्त व्यापार समझौता ऑस्ट्रेलियाई संसद द्वारा पारित कर दिया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए 02 अप्रैल, 2022 को एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री स्कॉट मॉरिसन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए थे।

10. असम की पूर्णिमा देवी बर्मन को संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार से नवाज़ा गया
• भारत की पूर्णिमा देवी बर्मन यूएन के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार चैंपियंस ऑफ़ द अर्थ 2022 से सम्मानित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने वन्यजीव जीवविज्ञानी पूर्णिमा देवी बर्मन को यह अवार्ड पारिस्थितिकी तंत्र के बचाव में किये गए उनके योगदान के लिए दिया है।
• डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को एंटरप्रेन्योरियल विजन श्रेणी में UNEP के चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पूर्णिमा देवी बर्मन जो हरगिला आर्मी का नेतृत्व करती हैं, जो ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क को विलुप्त होने से बचाने के लिए समर्पित मूवमेंट है।

Resultuniraj.co.in